# Kenya Capsian relationship with North Africa

## केनिया कैप्सियन –उत्तरी अफ्रीका से संबंध

Navin Kumar
Professor
Dept. of Ancient Indian History & Archaeology
Patna University
P.G. / M.A. IInd Semester,
Dept. of A.I.H. & Archaeology. Patna University
**Paper- C.C.8, Concept and Technique of Archaeology, Pre and Proto History of Africa & Excavated Archaeology Sites**

उत्तरी **अफ्रीका** की प्राचीन संस्कृतियों में केनिया **कैप्सियन** को लेविस लीके के गैमलियन वर्षाकाल का माना है। अब यह माना जाता है कि जहॉ Lower Kenya Capsian संस्कृति का प्रारंभ ईसा पूर्व 30,000 में प्रारंभ होता है वहीं Upper Kenya Capsian हिमयुग के बहुत बाद का अथवा उत्तर हिमयुग का है और अन्य स्थानों में विकसित Mesolithic **संस्कृति** का समकालीन है।

Kenya Capsian मूलतः Blade और Burin संस्कृति है। इसका निम्न चरण समय के दृष्टिकोण से उपरी पुरापाषण के सबसे आरंभिक काल के बराबर है। मध्यपूर्व में इस स्तर की पहचान की गई है। कार्बन–14 विधि **से** इसकी तिथि ई0 पूर्व 34000 अथवा 35000 निर्धारित की गई यही लिबिया की उपरी पुरापाषण संस्कृति Dabba संस्कृति की तिथि मानी गई है। फ्रांस में यह तिथि ई0 पूर्व 30,000 मानी गयी है। Kenya Capsian को प्रारंभ में Kenya Aurignacian कहा जाता था परन्तु ट्यूनिषिया में Capsal नामक स्थान के नाम पर इसे Capsian नाम दिया गया। इस संस्कृति की विषेषता है Blade, Burin, Microlith और Bone tool का प्रयोग।

Tompson महोदय उत्तरी अफ्रिका की Capsian संस्कृति और Kenya Capsian संस्कृति **को** असमब्द्ध मानते हैं। Leakey महोदय के अनुसार यह संस्कृति पैलेस्टाइन से अरब होते हुए पूर्वी अफ्रिका पहुॅचा और यहॉ सहारा रेगिस्तान को पाकर ट्यूनिशिया पहुॅचा।

अगर Lower Kenya Capsian को Kenya Aurignacian और Upper Kenya Capsian को ही Kenya Capsian की संज्ञा देना संभवतः अधिक तर्कसंगत होगा।

Leakey महोदय की मान्यताएं 1937 में Mount Carmel के Et-Tabbu खोट Acheulian level के Backed blade और Burin की प्रगति पर आधारित था।

Kenya Capsian के मुख्यतः Kenya धसान **घाटी** और उत्तरी तंजानिया में पाया जाता है। Stillbay Industry के साथ Kenya Capsion का बहुत ही निकटवर्ती संबंध है। संभव है दोनों के उद्योग किसी एक ही संस्कृति के अंग रहे होंगे।

क्लार्क महोदय की मान्यता है कि Blade और Burin उद्योग का प्रभाव बहुत ही व्यापक था और संभवतः Somaliland के Blade और Burin के पहले का था। Kenya धसान घाटी के उपर Kimangops की पठार पर स्थित Cartwright नामक स्थान से वैसे ही उद्योग का प्रमाण मिलते है। जिसका प्रारंभ कंजेरन वर्षा से माना जाता है। इसे Basl Kenya Capsian कहा जाता था चूकिं भोथड़े Back Blade यहॉ से मिले हैं। इस संदेहास्पद उद्योग के बाद Lower Kenya Capsian उद्योग आता है जो नेड्रीडेफ के पूर्व गैम्बलियन काल का माना जाता है।

Upper Kenya Capsian संस्कृति के चार चरणों की पहचान की गई है। लीके ने प्रथम दो चरणों ( A और B) को गैम्बलियन काल का,

तीसरे चरण (C) को और तृतीय गैम्बलियन और अंतिम चरण (D) को गैम्बलियन वर्षाकाल के बाद का माना है। इस विभाजन का आधार कारीगरी में लगातार सुधार है।

केनिया धसान घार्टी की पाषण कालीन संस्कृतियों में सबसे अधिक ज्ञात एवं प्रचलित Upper Kenya Capsian संस्कृति थी। लीके महोदय ने 1926 से 1929 के बीच का Gamblus Cave II उत्खनन करवाया जिससे इस संस्कृति के चार आवासीय स्तर प्रकाश में आये।

Stillbay स्तर में मानव निर्मित उपकरण के रूप में केवल कुछ Flex और Keyna Stillbay प्रकार के टूटे हुए उपकरण पाए गए हैं। यह दसबें स्तर से प्राप्त हुआ है जिसे Upper Keyna Capsion के लोगों ने बनाया होगा। Gambles Cave II में स्तर– II से उपरी Keyna Capsion का C Phase Burials से जुड़ा हुआ है। चौथा प्रोगैतिहासिक Occupation अर्थात Upper Keyna Capsion- A ओर B दोनों स्तर–14 में पाए जाते हैं। यहॉ से प्राप्त साक्ष्यों के आलोक में Upper Keyna Capsion की तिथि 3rd Gamblian माना जा सकता है।

इस संस्कृति में Burin विभिन्न आकार के बनते थे जिनकी काफी वर्ग संख्या मिली है जैसे Angle Burin Single और Double blow Burin आदि। इस तरह के उपकरणों को Blade के एक Side पर विशेष प्रकार से प्रहार करके बनाया जाता था। कुछ अर्द्धचन्द्राकार उपकरण मिले हैं जो Backed Blades के परिवर्तित रूप हो सकते है। परन्तु अधिकतर छोटे उपकरण मिलते हैं। Lunatus का व्यवहार हार्पून, भाला, तीर आदि में होता होगा। उत्तरी अफ्रिका की Capsion संस्कृति से संबंधित संस्कृति के केन्द्रों पर Lunatus को Bone Shaft में घुसाया जाता है। एक, दो या तीन धारवाला उपकरण भी पाया गया है। जिसपर घिसने के साक्ष्य है। ऐसे उपकरणों को Fabricator के नाम से जाना जाता है। Obsidian पत्थर

चूकिं दूर से लाना पड़ता था अतः Flakes निकालते समय सावधानी बरती जाती थी ताकि बर्बादी कम हो। इसलिए Core छोटे होते थे।

बहुत प्रकार के Sraper मिलते हैं जिसमें सबसे सामान्य प्रकार Blade पर बनाया गया Rounded end scraper है। Gambles Cave से बड़ी संख्या में Bone Awls पाए गए हैं। Gambles Cave II के Land-13 से हड्डी का बना Harpoon मिला है जो Leakey के अनुसार Phase-C को B से अलग करता है। हार्पून के साथ बर्तन तथा Ostritch Egg cell के दाने (जैसा कि Khartaum से मिला है) की प्राप्ति Kenya Capsion Culture को हिमयुग के बाद भी प्रमाणित करती है।

पूरे Deposit में लाल गेरूआ के टुकड़े बिखरे पाए गए है। बड़े पत्थर की प्राप्ति से ऐसा संकेत मिलता है कि इन पर रगड़कर चूर्ण बनाया जाता है। इसका प्रयोग शवाधान संस्कार में तथा शरीर को सजाने के लिए किया जाता है।

उपरी Kenya Capsion संस्कृति Phase-C का प्रतिनिधित्व Gambles Cave II के 3rd Occupational level करता है। इसमें बहुत कम उपकरण मिलते हैं।

Upper Kenya Capsion के Phase- D की पहचान नेवासा रेलवे स्टेशन के पास से मिले एक नरकंकाल से जुड़ी संस्कृति के साथ की जाती है। यहाँ काफी संख्या में Microlith मिले हैं। इसका काल ई0 पूर्व 5500 से 2500 के बीच रखा जाता है। Barbed Harpoon तीर और धनुष के प्रयोग ने इस संस्कृति के आखेटकों एवं मछुआरो को अन्य संस्कृतियों के वनिस्पतः श्रेष्ठता प्रदान की होगी। Gambles Cave II से उपरी केनिया कैपिसयन संस्कृति Phase- C के निर्माताओं के पॉच नरकंकाल मिले हैं। इन्हें Ultra

Contracted Position में रखा गया था। शव की पीठ दीवार की ओर करके चारों और उपर पत्थर के बड़े बड़े टुकड़े रखे गए। इस संस्कृति के लोगों की लम्बाई 5 फीट 10 इंच तथा खोपड़ी लम्बी होती थी।